## सार-समाचार

### साधारण सभा की बैठक आज

**मंडफिया**, (निसं)। भदेसर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति सभागार में 24 दिसंबर मंगलवार को भदेसर पंचायत समिति प्रधान सुशीला कवर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।भदेसर पंचायत समिति के विकास अधिकारी अभिषेक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान सुशीला कंवर के द्वारा की जाएगी। बैठक में समस्त विभागों के उपखंड स्तरीय अधिकारियों सहित उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, तहसीलदार शिव सिंह, ठााम विकास अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच गण, जिला परिषद सदस्य एवं आमंत्रित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णय का अनुमोदन किया जाएगा साथ ही विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, नरेगा, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग महिला बाल विकास विभाग, आयुर्वेदिक विभाग, कृषि विभाग आदि विभागों से संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी बैठक में चित्तौड़गढ़ विधायक, बड़ी सादड़ी विधायक, कपासन विधायक, चित्तौड़गढ़ सांसद, जिला प्रमुख एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है तथा आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### रेन बसेरा का किया निरीक्षण

**देवगढ़**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं संतोष अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद के निर्देशानुसार भीषण सर्दी में बेसहारा व्यक्तियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगरपालिका देवगढ द्वारा पालिका परिसर में संचालित रेन बसेरे का पूनम मीणा अध्यक्ष, ताल्लुका विधिक सेवा समिति, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवगढ द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पर्याप्त मात्रा में बिस्तर पाएं गए। पीने योग्य पानी की नियमित उपलब्धता पाई गई पुरूषों व महिलाओं के लिए पृथक-पृथक व समुचित ठहरने की व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधा उपलब्ध थी नियमित विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पाई गई। प्राथमिक चिकित्सा किट व अग्निरक्षण प्रणाली, टीवी, हिटर मौसमानुकूल अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान रेन बसेरा में आकस्मिक स्थिति में सहायता हेतु संबंधित अधिकारी/कार्मिक के नाम व संपर्क नंबर व प्रचार प्रसार हेतु बोर्ड लगा हुआ नहीं पाया शिकायत पेटिका नहीं होना पाया बिस्तरों पर कवर नहीं होना पाया जिनके लिए अधिशासी अधिकारी देवगढ को अविलंब सुधार कर पालना रिपोर्ट न्यायाधीश को प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया।

### भजन संध्या व रात्रि जागरण

**कपासन**, (निसं)। कपासन कस्बे की पुरानी कचहरी में स्थित भैरवगढ़ के भेरुजी मंदिर में बीती रात एक शाम भेरुजी के नाम भजन संध्या और रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालु भेरुजी के भजनों पर झूम उठे और रात्रि जागरण में कई मंदिरों और पूजा स्थलों के पुजारी और भोपा भी शामिल हुए। कपासन कस्बे की पुरानी कचहरी में स्थित भैरवगढ़ के भेरुजी मंदिर में बीती रात एक शाम भेरुजी के नाम भजन संध्या और रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालु भेरुजी के भजनों पर झूम उठे और रात्रि जागरण में कई मंदिरों और पूजा स्थलों के पुजारी और भोपा भी शामिल हुए। महाकाल सेना के राष्ट्रीय संस्थापक दिगंबर संत श्री खुशहाल भारती जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस भजन संध्या की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। भजन गायकों सुरेश गहलोत, मधुबाला राव, भैरूलाल बारेगामा, नरेश प्रजापत, महेश पालीवाल और अन्य कलाकारों ने भैंरुजी और गुरु महिमा के भजनों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में भैंरुजी के प्रसिद्ध भजन जैसे अरे भैंरूगढ़ का भैंरू मूरत मन में बस गई, दर्शन करवा की मारे तकडी जचगी, भैंरूजी जागण में बेगा आवजों, म्हारे आंगन पधारो भेरुजी, और आज महारा भेरू जी का दर्शन करवा आया जैसे भजन में गूंजते रहे।

### शिविर में अध्ययन प्रमाणपत्र बनवाए

**उदयपुर**, (कासं)। सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला उदयपुर के पंचायत समिति गिर्वा में आज 23 दिसंबर 2024 को प्रशासन गांव की ओर 2024 शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पुष्पा मेघवाल भी पहुंची, उन्होंने बताया कि उनके पति स्व कालूलाल मेघवाल की मृत्यु उपरांत सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त हो रही हैं किंतु भुगतान न होने की समस्या से शिविर प्रभारी विकास अधिकारी अजीत कुमार मीणा को अवगत करवाया। प्रार्थी से बात करने पर पता चला कि उनकी दो पुत्रियां ललिता कुमारी और तनीषा मेघवाल वर्तमान में विद्यालय में अध्ययनरत हैं ऐसे में शिविर में उपस्थित सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गिर्वा हर्षित कुमार पंचोली ने मौके पर ही ई मित्र के माध्यम से आवेदन करवा कर स्वीकृति जारी की। साथ ही वर्ष 2025 हेतु पेंशन का वार्षिक सत्यापन भी करवाया। इस पूरी प्रक्रिया में उनकी मदद की राजकीय बालिका विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रेणु वैष्णव ने, जिन्होंने हाथोंहाथ बालिकाओं के अध्ययन प्रमाणपत्र बनवाए।अब उन्हें 1150 रुपए मासिक नियमित पेंशन के साथ साथ पालनहार योजना में प्रतिमाह 3000 रूपए लाभ प्राप्त हो सकेगा। अपना काम होने से पुष्पा बाई मेघवाल के चेहरे पर मुस्कान खिल गई।

### कांग्रेस आज निकालेगी पैदल मार्च

**बांसवाड़ा**, (निसं)। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर आपतिजनक और असम्मानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। इस अवसर पर पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट इमरान खान पठान ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज मंगलवार को प्रात: 11 बजे कांग्रेस कार्यालय से डायलाब रोड स्थित अंबेडकर सर्कल पर बाबा साहब की प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। इसके पश्चात जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# मुख्य धारा से अलग होने से देश व समाज का नुकसान : दिलावर



राजकीय बाउमावि रेजीडेंसी में छात्राओं को विंटर किट वितरण समारोह में शिक्षा मंत्री मंदन दिलावर।

**उदयपुर**, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि को मुख्य धारा से अलग होता है तो उससे देश और समाज को नुकसान होता है। देश का कोई भी वर्ग मुख्य धारा से अलग नहीं होना चाहिए। हमारी शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए, यह नहीं हुआ तो शिक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा।

शिक्षा मंत्री दिलावर सोमवार को उदयपुर दौरे पर रहे जहाँ वे आ आ एफएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेंसी की छात्राओं को विंटर किट (स्वेटर, जूते, मोजे) वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने

- **शिक्षा मंत्री का एक दिवसीय उदयपुर दौरा, शिक्षा में संस्कारों का समावेश हो**

कहा की संचय रखने वाले को नुकसान होता है और जो निरंतर प्रवाही रहता है वह पवित्र होता है, इसलिए हमें कमाए हुए धन में से कुछ धन परोपकार के लिए खर्च करना चाहिए। उन्होंने गाय के दूध का बखान करते हुए कहा कि आपके बच्चे को अच्छा बनाना है या बुद्धिमान बनाना है तो गाय का दूध ही पिलाना है। गाय का दूध पीने वाला बुद्धिमान बना है और उसको पीने वाले की लगातार प्रगति हुई है।

दिलावर ने कहा कि इस साल मानसून के दौरान 7 करोड़ से भी ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। अगले मानसून में 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी लोगों से पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया साथ ही उन्होंने अपेक्षा की कि मेवाड़ के लोग इस संकल्प पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि शौचालय का शतप्रतिशत उपयोग होना चाहिए, खुले में शौच जाना बंद किया जाना चाहिए। राजस्थान का हर गांव अब साफ दिखाई देगा इसके लिए 4 हजार से ज्यादा पंचायतों में सफाई के लिए टेंडर जारी कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए है।कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मेवाड़ धरा का संपूर्ण विश्व में मान है। मेवाड़ महाराणा प्रताप, पन्नाधाय और भामाशाह की धरती है । यहां के कण-कण में देशभक्ति और सेवाभाव है। पूरा विश्व मेवाड़ की धरती से प्रेरणा लेता है। उन्होंने कहा कि हमारा यह संकल्प है कि हर विद्यालय में खेल का मैदान हो इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की मंशानुसार जो छात्र जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है उसे यथोचित राजकीय सहायता दी जाएगी। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री दिलावर ने सर्किट हाउस में जनसुनवा की। इसके बाद सेक्टर चार स्थित सामाजिक कार्यकर्ता पंकज मेहता के घर पर पहुंच विभिन्न बुद्धिजीवियों, शिक्षक कर्मचारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,पूर्व यूआ टी अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, पूर्व राजसमंद विधायक बंशीलाल खटीक, गिर्वा के पूर्व प्रधान तख्त सिंह शक्तावत, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रतापगढ़ की क्रिकेट प्रतिभा सुशीला मीणा से वीडियो कॉल पर बात की और उसके खेल के प्रशंसा की। दिलावर ने सुशीला को उसके खेल एवं पढ़ा में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी एवं हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उदयपुर में रेजिडेंसी राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं के मध्य सुशीला से बात कर दिलावर ने प्रतिभाओं को यथोचित सम्मान देने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक स्कूल में खेल मैदान की सुविधा एवं खेल सामग्री की उपलब्धता के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आ आ एफएल की ओर से भी सुशीला को समुचित सहायता प्रदान किए जाएगी। ध्यातव्य है कि प्रतापगढ़ जिले की कक्षा 5 की छात्रा सुशीला मीणा के गेंदबाजी के अंदाज को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर उसकी तारीफ में एक पोस्ट की थी। उसके बाद इस क्रिकेट प्रतिभा ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी पिछले दिनों सुशीला का उत्साहवर्धन किया।

### एक गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। एक भूखण्ड को बेचकर पैसा प्राप्त कर रजिस्ट्री करवाने से पहले अन्य को बेचने में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मो. शकील पुत्र मोईनुद्दीन निवासी भैसरोडगढ की हवेली मोती चोहट्टा ने नरेश गिरी पुत्र देव गिरी गोस्वामी निवासी आयुर्वेदिक हॉस्पीटल के पास गोवर्धन विलास, कृष्णपुरी गोसाई पुत्र स्व. अर्जुनपुरी गोसाई निवासी आयुर्वेदिक हॉस्पीटल के पास गोवर्धन विलास, मधुबाला पुत्री स्व. अर्जुन गिरी गोसाई पत्नी नरेश गिरी गोसाई निवासी आयुर्वेदिक हॉस्पीटल के पास गोवर्धनविलास के खिलाफ रिपोर्ट दी थी कि प्रार्थी को जमीन की आवश्यकता होने के कारण नरेश गिरी से सम्पर्क किया तो उसने ट्रांसपोर्ट नगर गोवर्धन विलास में स्थिति एक भूखण्ड बताया।

जिस पर जिस पर एक कमरा, समाधी एवं शेष खुली जगह है को गिरवी रखने की बात की एवं इस भूखण्ड को 10 वर्ष के लिए गिरवी रखकर प्रार्थी से 8 लाख रूपए का भुगतान प्राप्त किया, जिसकी लिखा पढी 30 नवम्बर को नरेश गिरी ने प्रार्थी के पक्ष में कर दी एवं भूखण्ड का कब्जा सुपर्द कर दिया। इसमें यह भी शर्त थी की इस प्लोट पर टीनशेड डालना, बाउण्ड्रीवाल बनाना मुझ प्रार्थी द्वारा किया जा सकेगा।

# जनप्रतिनिधियों के समूह ने के.के. गुप्ता से की भेंट

**डूंगरपुर**, (निसं)। प्रदेश के राजसमंद जिले से पंचायती राज विभाग से सरपंच वार्ड पंच और ग्राम पंचायत स्टाफ डूंगरपुर जिले की एस्ट्रोलॉजर विजिट पर रहे। उनके द्वारा रविवार देर शाम को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रदेश समन्वयक और पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर के के गुप्ता के आवास पर शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है कि जनता के कल्याण के लिए कार्य करें और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है इसके द्वारा हम जनता को स्वच्छ वातावरण प्रदान कर रहे हैं इसके साथ ही आमजन के स्वास्थ्य की भी देखभाल हो रही है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह भी संकल्प है कि भारत देश की आजादी के 100 वर्ष होने पर आगामी वर्ष 2047 तक देश के प्रत्येक गांव को स्वच्छ बनाना है और इसके लिए जल संरक्षण के क्षेत्र में गांव में बने हुए तालाब, बावडी, कुआं आदि को भी स्वच्छ बनाए रखना आवश्यक है। स्वच्छता और जल संरक्षण सहित



पंचायती राज विभाग जनप्रतिनिधियों ने गुप्ता से भेंट की।

पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए ही हम भारत देश को विकसित और समृद्ध देश बना सकते हैं जिसके लिए प्रत्येक जनमानस की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक संग्रहण हर घर में चालू करना होगा तथा जिस घर में चार जानवर हो उन घरों में बायोगैस प्लांट जब तक हम नहीं लगवाएंगे तब तक हम गांव को स्वच्छ नहीं बना सकते। आरआरसी प्लांट अगर नहीं लगे हैं तो आरआरसी प्लांट को शीघ्र लगवा कर उनमें गीला सूखा अलग-अलग कचरा संग्रहण का कार्य भी प्रारंभ किया जाए तथा आप लोगों द्वारा जो नए नवाचार किया गया है जिसमें प्लास्टिक की बोतल में प्लास्टिक भरने का कार्य जो किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है और प्रेरणादायक है हर गांव में यह कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए। गुप्ता ने कहा किमुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पर सघन निगरानी रखी जा रही है। राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किस प्रकार की संवेदनशीलता के साथ कार्य किए जा रहे हैं, इसकी पूरी तथ्यात्मक रिपोर्ट राज्य सरकार तक पहुंचाई जा रही है।

## सार-समाचार

### युवक का शव फंदे से लटका मिला

**उदयपुर**,(कासं)। तीन दिन से घर से लापता एक युवक का शव एकांत में लटका मिला। परिजनों व समाजजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कलेक्ट्री पर जमकर प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार शुभम (25) पुत्र शंभूलाल कुमावत निवासी नाकोडा नगर प्रतापनगर जो 20 दिसम्बर को घर से बिना बताएं निकल गया था। परिजनों ने इसकी काफी तलाश की पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस जांच के दौरान सोमवार को इस युवक का शव नए सिक्सलेन हाईवे पर एक प्लानिंग में एक पोल से लटका मिला। शव देखकर पुलिस को बताया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को बताया, जिस पर परिजन भी मौके पर गए। पुलिस ने शव को उतारकर मोर्चरी में रखवाया। इधर मृतक के परिजन और समाज जनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस समझाईश से भी नहीं मानने पर समाजजन और परिजन कलेक्ट्री पहुँच गए और नारेबाजी और प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। बाद मे सभी परिजन एसपी से मिले और हत्या की आशंका जताई। एसपी ने प्रतापनगर थानाधिकारी को मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद परिजन माने। पुलिस ने मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### केबल वायर चुराने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर**,(कासं)। निर्माणाधीन भवन से लाखों के वायर चोरी करने में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश चंद पुत्र छगनलाल चौधरी निवासी बाठेरडा कलां वल्लभनगर ने 13 जून को रिपोर्ट दी कि वह राजबाग फार्म हाउस में सुपरवाईजर का कार्य करता हूँ। हमारे बाउन्डी के अन्दर वेलनेस सेन्टर का कंस्ट्रक्शन का कार्य चल रहा है, जहां पर करीब 150 मजदूर कार्य कर रहे। 13 जून को सुबह वेलनेस सेन्टर पर 7.30 बजे आया था तो मांगीलाल गुर्जर ने बताया कि अपने बिल्डिंग मे लाईट के वायर चोरी हो गए, जिस पर मैने बिल्डिंग मे लगी हुई वायरिंग को चैक किया तो 50 बण्डल नही थे एवं वायरिंग बिछी हुई केबल वायर करीब 2 से 2.50 क्विंटल काट कर अज्ञात चोरो ने रात्री मे चोरी कर लिया। केबल करीबन 12 से 13 लाख रुपयो का नुकसान हुआ है। इस पर खैरोदा थाना पुलिस ने जांच करते हुए इस मामले में लालुराम पुत्र केशुलाल मीणा और लोकेश पुत्र लक्ष्मण लाल मीणा निवासी केली नाई को गिरफ्तार किया है।

### पीवी सिंधु उदयपुर से रवान

**उदयपुर**,(कासं)। बैडमिंटन स्टार व ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु सोमवार को उदयपुर से हैदराबाद लौट गई। हैदराबाद उनका गृहनगर है जहां बुधवार यानि कल शादी का ग्रांड रिसेप्शन होना है। इस रिसेप्शन से पीएम मोदी, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, साउथ स्टार चिरंजीवी, नागार्जुन, देश के प्रसिद्ध आर्थोपेडिस्ट एवी गौरवा रेड्डी सहित कई बड़ी हस्तियां शामिल होगी।उदयपुर के होटल राफेल्स में हुई इस यह शादी भी अडाणी के बेटे की हुई प्री-वेडिंग की तरह गोपनीय ही रही। शादी के सभी फंक्शन होटल के पोर्च में ही हुए जिनमें मेहमानों की संख्या भी सौ से 110 ही रही। कल रात शादी समारोह में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचे थे। सोमवार को नवविवाहित जोड़ा पीवी सिंधु व उनके पति वैंकटदत्ता साई व परिवार के लोग उदयपुर से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। कल हैदराबाद में दोनों परिवार की ओर से ठांड रिस्पेशन होना है।

### युवक से मारपीट

**उदयपुर**, (कासं)। दुकान के बाहर झगडा करने से मना करने पर दो बदमाशों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।पुलिस के अनुसार नरेश कुमार पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी गडावत गोरिम्बा ने रिपोर्ट दी कि मै दुकान पर था जो करिबन 7.15 बजे सुनिल पुत्र मोहनलाल व सुभाष पुत्र मेघराज निवासी वाल्दर के होकर मेरी दुकान मिठा बिल के सामने झगडा कर रहे थे, जिसे मैने यहाँ झगडा करने से मना किया और कहा कि तुम तुम्हारे घर की तरफ जाकर झगडा करो। फिर दोनो ने मेरे साथ लातों व मुक्कों से मारपीट की। सुनिल ने माथे पर फैंट मारी, जिससे मेरे सिर में काफी खून निकल गए। सुभाष ने मुझे पकड रखा था फिर मैने हल्ला किया तो लोग आए और मेरा बीच-बचाव किया फिर दोनो मौके से भाग गए। मेरे सिर पर गहरी चोंट आने से अभिषेक व चुन्नीलाल ने मुझे हॉस्पीटल पहुँचाया। ऋषभदेव हॉस्पीटल से बाद इलाज मुझे उदयपुर रैफर कर दिया। रिपोर्ट पर ऋषभदेव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कुएं में गिरने से मजदूर की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। कुएं को खोदने के दौरान उसमें गिरने से एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चुन्नीलाल (30) पुत्र पूरालाल मीणा निवासी ढिकिया कूण जो राजपुरा गांव में ठेकेदार रमेश मीणा के साथ कुआं खोदने का काम कर रहा था। 21 दिसम्बर दोपहर को यह कुएं में उतर रहा था तो इसका हाथ रस्सी से छूट गया और यह कुएं में गिर गया। जिससे गंभीर घायल हो गया और एमबी चिकित्सालय भर्ती करवाया गया। कानोड पुलिस ने जहां पर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### दुर्घटना में युवती की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। मामा के लडके के साथ खाना खाने जा रही एक युवती की दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पारूल (23) पुत्री गोपाललाल धाकड निवासी बिजोलिया खुर्द भीलवाडा जो अपने मामा के लडके रोहित के साथ सेक्टर 3 आजाद नगर में रहती थी और पढाई कर रही थी। यह युवती रोहित के साथ रविवार रात्रि को प्रतापनगर में खाना खाने गई थी, जहां पर एक ट्रेलर ने इसे टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। प्रतापनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# राजस्थान विद्यापीठ वेस्ट जोन पुरुष फुटबॉल में उपविजेता

**उदयपुर**, (कासं)। प्रताप यूनिवर्सिटी जयपुर की मेजबानी में आयोजित हुई नॉर्थ वेस्ट जोन फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर उपविजेता रही, प्रतियोगिता का आयोजन हाल ही में हुआ, जिसमें कुल 41 टीमें शामिल हुई। कोटा विवि, कोटा ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया जबकि दिल्ली विवि ने तीसरा स्थान और महर्षी दयानंद यूनिवर्सिटी (एम.डी.यू.) रोहतक ने चौथा स्थान प्राप्त किया।कोटा विवि और जनार्दन राय नागर विवि उदयपुर के बीच फाइनल मैच ड्रॉ खेला गया। हालांकि, इस मुकाबले में दोनों टीमों ने बराबरी का प्रदर्शन किया, लेकिन पहले खेले गए लीग मैच में कोटा विवि ने अधिक गोल अंतर से जीत दर्ज की थी, जिससे कोटा विवि को विजेता घोषित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रताप यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. शैलेन्द्र भदौरिया और सम्माननीय अतिथि के रूप में प्रो. अमेरिका सिंह, कुलपति विक्रांत यूनिवर्सिटी, डॉ. भूपेन्द्र सिंह राठौड (पूर्व सचिव, स्पोर्ट्स बोर्ड, राजस्थान यूनिवर्सिटी), डॉ. विजय सिंह (पर्यवेक्षक, भारतीय विवि संघ) तथा श्री शशि किरण (पीआरओ, इंडियन रेलवे, जयपुर) ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता प्रो. अभय कुमार, कुलपति प्रताप यूनिवर्सिटी ने की।राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने विद्यापीठ की टीम को बधाई देते हुए उनके शानदार प्रदर्शन और खेल भावना की प्रशंसा

- **पहले खेले गए लीग मैच में कोटा विवि ने अधिक गोल अंतर से जीत दर्ज की थी, जिससे कोटा विवि को विजेता घोषित किया गया**

करते हुए कहा कि, बेहतर खिलाड़ियों का अर्थ बेहतर राष्ट्र का निर्माण है और राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया में विद्यापीठ सदैव अग्रणी रहा है। समारोह में प्रताप यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. शैलेन्द्र भदौरिया ने कहा, हम प्रताप यूनिवर्सिटी को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। प्रो. अमेरिका सिंह, कुलपति, विक्रांत यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने नॉर्थ वेस्ट जोन टूर्नामेंट में पदक प्राप्त करने वाली सभी टीमों को बधाई दी और ऑल इंडिया इंटर जोनल टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं। नॉर्थ वेस्ट जोन फुटबॉल टूर्नामेंट के टेक्निकल डायरेक्टर डॉ. कुलदीप सिंह झाला ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आयोजन सचिव डॉ. निपेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया।विशिष्ठ अतिथि डॉ. भूपेन्द्र सिंह राठौड, शशी किरण तथा एआईयू ऑब्जर्वर डॉ. विजय सिंह ने कहा कोटा विश्वविद्यालय व राजस्थान विद्यापीठ ने न केवल अपने खेल के स्तर को बढाया बल्कि भविष्य के लिए अपनी जीत की संभावनाओं को और मजबूत किया।

# युवा महोत्सव आरोहण आज से, जुटेंगे 8 हजार युवा

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर शहर में दो दिवसीय युवा महोत्सव आरोहण 24-25 दिसंबर को सुखाडिया विवि कैम्पस में आयोजित होगा। राष्ट्र की युवा शक्ति को समग्र उन्नति की सीढी में एक कदम ऊपर चढने के लिए प्रेरित करने उद्देश्य से पहली बार होने जा रहे युवा महोत्सव आरोहण में लगभग आठ हजार से अधिक युवाओं की भागीदारी होगी।

आयोजन गायत्री परिवार की युवा

- **सुविवि के विवेकानंद सभागार में होगा दो दिन मंथन**

इकाई डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान के संयोजन में मोहनलाल सुखाडिया विवि और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद सभागार में होने वाले होने जा रहा है। डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान कार्य समिति प्रांतीय संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि दिया की स्थापना अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय के रूप मे देव संस्कृति विवि हरिद्वार के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पंड्या और डॉ. ए.पी.जे. कलाम द्वारा की गई थी जिसका आधार पांच सूत्रों शिक्षित, स्वस्थ, स्वावलंबी, शालीन और संवेदनशील युवा के माध्यम से श्रेष्ठ, सशक्त, स्वावलंबी राष्ट्र के निर्माण में




आरोपण महोत्सव के संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता की।

युवाओ की भागीदारी को सुनिश्चित करना है। दिया के वार्षिक कार्यक्रमों की श्रंखला में युवा महोत्सव का आयोजन इस वर्ष उदयपुर में किया जा रहा है। आरोपण महोत्सव के संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि युवाओं की भागीदारी के लिए दिया स्वयं सेवकों द्वारा पिछले चार महीने से उदयपुर और नजदीकी जिलों के महाविद्यालयों में गतिविधियों के आयोजन कर संपर्क किया गया है जिसके पश्चात सभी युवा विद्यार्थियों में समारोह में सक्रिय भागीदारी के लिए भारी उत्सुकता और उत्साह दिख रहा है। समारोह के प्रथम दिन 24 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद सभागार में राजस्थान के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला विजेता टीमों के मध्य प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। साथ ही अन्य युवाओं के लिए वाद विवाद, आशु भाषण, पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न रोचक और आकर्षक प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की जाएगी।

महोत्सव का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सभागार में मंगलवार शाम पांच बजे होगा। इसमें अतिथि सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, पेसिफिक विवि के अध्यक्ष बी.पी. शर्मा, वनवासी कल्याण आश्रम के भगवान सहाय,सुखाडिया विवि की कुलपति सुनीता मिश्रा, यूनिसेफ प्रतिनिधि शफकत हुसैन, देव संस्कृति विवि के प्रोफेसर डॉ. इप्सित प्रताप सिंह द्वारा भारत माता पूजन के साथ होगा। अतिथियों में डॉ. आलोक व्यास, डॉ गजेंद्र पुरोहित, डॉ शैलेन्द्र पंड्या, डॉ. बामनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित देश के विषय विशेषज्ञ भागीदारी करेंगे और मार्गदर्शन करेंगे। महोत्सव का समापन सत्र सांय 5 बजे देव संस्कृति विवि हरिद्वार के प्रति कुलपति और अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। समापन सत्र में डॉ. पंड्या और अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, दयाल बाग शिक्षण संस्थान के वरिष्ठ निदेशक प्रोफेसर पी. के. कालरा, कुकु एफएम के संस्थापक लालचंद बिसु युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### उपकारागृह का किया निरीक्षण

**राजसमंद**, (निसं)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने सोमवार को उपकारागृह भीम का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे वृद्ध कैदियों और असाध्य रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष अभियान के तहत कारागृह का निरीक्षण कर 70 वर्ष की उम्र के बंदियों तथा लाईलाज बीमारी से पीडित बंदियों को चिकित्सा,देखभाल तथा विधिक सहायता के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी प्रदान करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**आम-सूचना**

यह कि अरबाज हुसैन एवं आदिल हुसैन पुत्र आफताब हुसैन का मकान नंबर-2549 अंबेडकर मैदान दुधिया गणेश जी गांधीनगर उदयपुर राजस्थान 313001 में स्थित है। उक्त मकान का 1 दस्तावेज रजिस्टरी जो दिनांक 10/4/1980 को श्री छत्तर सिंह भाटी पुत्र संगीदान भाटी एवं श्रीमती चंद्रा देवी भंडारी पुत्री श्री सज्जन सिंह भंडारी के बीच हुई थी वह फोटो कॉपी करवाने जाते समय मल्लातलाई से अम्बामाता के बीच रास्ते में कहीं खो गई है लिहाजा इस उपरान्त में कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर दिए हुए नंबर या दिए हुए पते पर सम्पर्क करें।

7737790980,
918209753488

सुचना के पश्चात इसका इस्तेमाल अमान्य होगा।

दिनांक-20 दिसम्बर 2024

मोहम्मद शाहीद शैख
नोटेरी, उदयपुर (राज.)

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/12557 दिनांक : 06/11/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री टीकमलाल पिता फतहलाल एवं श्री भैरूलाल पिता कन्हैयालाल | भूखण्ड संख्या-11श्री कृष्णानगर कॉलोनी, बागोल का नाड़ा, बागोल, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -8 | 30 फिट चौड़ा रोड़ | भूखण्ड संख्या -12 | भूखण्ड संख्या -10 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

